देव नहीं महादेव शिवाय,
बोलो ॐ नमः शिवाय,
बोलो ॐ नमः शिवाय,
देवो में देव महादेव कहाय,
बोलो ॐ नमः शिवाय
देव नहीं महादेव शिवाय।।

माथे पे सोहे मुकुट चंदा,
गले में सोहे नाग देव काला,
माथे पे सोहे मुकुट चंदा,
गले में सोहे नाग देव काला,
सबको दे उजाला,
शिव भोला मतवाला,
संग गिरिजा सूत सुहाय,
देव नही महादेव शिवाय।।

धिधिपांग धीपलाँग बांग बाजत साज,
डमक डमक डमक डम डम डम डम डमरू नाद,
धिधिपांग धीपलाँग बांग बाजत साज,
डमक डमक डमक डम डम डम डम डमरू नाद,
धूम धूम धूम माचवे धूम धूम धूम माचवे,
तांडव प्रिय नटराज कहावे,
देव नही महादेव शिवाय।।

समुद्र मंथन से जब निकला जहर,
देव दैत्य सब बोले हर हर हर हर,
समुद्र मंथन से जब निकला जहर,
देव दैत्य सब बोले हर हर हर हर,
पल में विष पी डाला देवो पे रहम कर डाला,
पीकर विष नीलकंठ कहाय,
देव नही महादेव शिवाय।।

Source: https://www.bharattemples.com/dev-nahi-mahadev-shivaay-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw